मैं तेरे दर पे आई माँ जयकारा बोल के

मैं तेरे दर पे आई माँ जयकारा बोल के,
मैं तेरे दर पे आई माँ दुनिया छोड़ के.........

सास कहे बहू कठिन चढाई,
मैं नंगे पैरों माँ जयकारा बोल के,
मैं तेरे दर पे आई माँ जयकारा बोल के........

जेठानी खे वहां बह रही गंगा,
मैं गोता लगाके आई माँ जयकारा बोल के,
मैं तेरे दर पे आई माँ जयकारा बोल के........

देवरानी कहे वहां गर्भ जून है,
मैंने गुफा में दर्शन पाए री जयकारा बोल के,
मैं तेरे दर पे आई माँ जयकारा बोल के........

ननंद खे वहां ठण्ड बहुत है,
चढाते में पसीना आया री जयकारा बोल के,
मैं तेरे दर पे आई माँ जयकारा बोल के........

देवर कहे वहां भीड़ बहुत है,
मैंने खुले दर्शन पाए री जयकारा बोल के,
मैं तेरे दर पे आई माँ जयकारा बोल के........

बलम कहे गौरी क्या कुछ मांगा,
बिन मांगे सब कुछ पाया री जयकारा बोल के,
मैं तेरे दर पे आई माँ जयकारा बोल के........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/31181/title/main-tere-dar-pe-aayi-maa-jaikara-bol-ke

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |